पत्नी को पाने और प्रेमी को फसाने के लिये रची थी साजिश

मलिहाबाद। पत्नी के प्रेमी और एक दोस्त को फसाने के लिए विनय ने खुद अपने हाथ पर गोली मारकर दोनों को जेल भेजने के लिए रची थी साजिश काफी छानबीन के बाद पुलिस ने मामले का खुलासा किया। बताते चले की एक नवंबर को रहीमाबाद में एक व्यक्ति पर हुए जानलेवा हमले का पुलिस ने खुलासा कर दिया जिसमें पीड़ित अपनी पत्नी के प्रेमी व एक दोस्त को फंसाने के लिए पूरी साजिश रची थी।

पूरा घटनाक्रम

खुद हाथ पर गोली मारी दो को किया नाम जद

थाना प्रभारी रहीमाबाद अजीत कुमार के अनुसार एक नवंबर दिन बुधवार को रहीमाबाद गहदो रोड पर विनय द्विवेदी पुत्र विष्णु कुमार द्विवेदी निवासी अनीपुर थाना रहीमाबाद जनपद लखनऊ के ऊपर जानलेवा हमला हुआ था जिसमें विनय प्रकाश ने आरोप लगाया था कि उसे पर महेंद्र सिंह पुत्र हेम बहादुर सिंह निवासी कृषि फार्म जुगराजगंज थाना रहीमाबाद व विकास कुमार पुत्र कैलाश निवासी ग्राम कटरा थाना और जनपद उन्नाव ने गोली मारकर वहां से फरार हो गए थे जिनके खिलाफ नामजन मुकदमा दर्ज हुआ था जिसकी विवेचना रहीमाबाद पुलिस ने गंभीरता से की तो जांच में खुलासा हुआ कि विनय कुमार द्विवेदी ने 2011 में सोनी सिंह पुत्री बच्चू सिंह निवासी जुगराजगंज के साथ प्रेम विवाह किया था और दोनों 10 साल साथ रहे विनय की महेंद्र सिंह राणा पुत्र हेम बहादुर राणा से दोस्ती थी जिसके कारण महेंद्र राणा का विनय के घर आना जाना था इस बीच सोनी सिंह और महेंद्र के बीच प्रेम उत्पन्न हुआ और सोनी सिंह ने विनय प्रकाश को छोड़कर महेंद्र सिंह राणा के साथ रिलेशनशिप में रहने लगी जिससे विनय की महेंद्र से रंजिश हो गई जिसके चलते दोनों में तनाव व्याप्त था वही सोनी सिंह ने विनय प्रकाश के खिलाफ थाना ठाकुरगंज में मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसके कारण विनय प्रकाश काफी कुंठित था और बदला लेना चाहता था और 1 फरवरी को खुद अपने हाथ पर गोली मारकर महेंद्र सिंह राणा तथा विकास यादव के खिलाफ नाम जद मुकदमा पंजीकृत कराया। विवेचना में पुलिस ने घटना के दिन की लोकेशन महेंद्र सिंह राणा की ठाकुरगंज लखनऊ में वह विकास कुमार की लोकेशन शिवपुरी मध्य प्रदेश में प्राप्त हुई जहां का पूरा आने-जाने का साक्ष्य प्राप्त हुआ विनय द्विवेदी विकास को इसलिए फंसा रहे थे कि एक पिकअप डाला जिसे विनय खरीदना चाहते थे परंतु विकास ने उसकी महंगी बोली लगा दी जिसके कारण विनय को वह डाल अधिक कीमत पर खरीदना पड़ा जिसके चलते विनय ने विकास को भी इस केस में फंसने का पूरा प्रयास किया।विनय के दोस्त प्रेम बहादुर सिंह निवासी कटरा थाना और जनपद उन्नाव घटना के समय मौके पर था और वह वहां से भाग गया उसके बाद विनय ने सूरज सिंह उर्फ पोपट पुत्र सत्येंद्र सिंह निवासी कटरा थाना औरास जनपद उन्नाव को व्हाट्सएप कॉल करके बुलाया जब सूरज सिंह विनय प्रकाश के पास पहुंचे तो विनय के हाथ में गोली लगी हुई थी विनय ने सूरज से तमंचा छुपाने की बात कही सूरज सिंह के इनकार करने पर विनय ने तमंचा झाड़ी में फेंक दिया जिनकी निशानदेही पर पुलिस ने तमंचा बरामद किया प्रेम बहादुर सिंह व सूरज सिंह ने न्यायालय के समक्ष बयान दिया विनय ने जिस समय अपने हाथ पर गोली मारी उसे समय वह मौके पर मौजूद थे उन्होंने गोली मारकर तमंचे को पास की झाड़ियां में दिया जिसे गवाह की निशांनदेही पर रहीमाबाद पुलिस ने बरामद किया। और विनय द्वारा पत्नी के प्रेमी महेंद्र सिंह राणा तथा डाला की रंजिश के चलते विकास को नामजद किया गया पुलिस ने घटना की विवेचना गंभीरता से की तो बारीकी से की तो दोनों आरोपी निर्दोष साबित हुए। रहीमाबाद पुलिस द्वारा इस तरह घटना का सफल अनावरण किया गया और निर्दोषों को जेल जाने से बचाया गया।

दम्पत्ति समेत भतीजे को पीटा,मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के कल्लीपूरब मजरा टिकरा गांव निवासी सुमन ने बताया बीते गुरूवार को पति सूबेदार अपने भतीजे के साथ अपने ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहे थे,इस दौरान गलती से पड़ोसी हरपाल के खेत के तार टूट गये,पति ने पड़ोसी खेत के मालिक हरपाल से गलती भी मानी जिसके बाद भी आगबबूला हरपाल ने अपनी पत्नी सोनी व बेटी सविता के साथ मिलकर हमला कर बुरी तरह पिटाई कर उसे व पति समेत भतीजे को घायल करने के बाद तीनो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकलें।

दुबग्गा थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद बंद मकान से जेवर व नकदी लेकर फरार

लखनऊ। दुबग्गा थानाक्षेत्र में चोरों के हौंसले दिन पर दिन बुलंद होते हुए चले जा रहे हैं।सर्दियों का मौसम शुरू होते ही चोरों का गैंग सक्रिय हो गया है।जहाँ एक तरफ दीपावली का त्योहार है वहीं चोरों का गैंग भी सक्रिय हो गया है।जो निर्जन व बंद पडे मकानों को निशाना बना रहे हैं।लखनऊ के दुबग्गा कोतवाली क्षेत्र में बंद पडे घर में चोरी हुई।संतोष का परिवार बाजार गया था।और घर बंद था तभी चोरों ने निशाना बनाया।वहीं ऐसा ही मामला लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र के धमसिन खेडा से आया है। जहाँ संतोष कुमार नाम के किसान के घर चोरों ने धावा बोला है।चोरी की वारदात में सोने के जेवरात व नकदी सहित पर चोरों ने हाथ साफ किया है। वहीं जब इस मामले में पीडित से बात करने पर पीडित ने बताया कि चोर घर में दाखिल हुए और दरवाजा बाहर से लाक कर चोरी की।पीडित ने दुबग्गा कोतवाली में पीडित सन्तोष कुमार ने तहरीर दी जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

दीपोत्सव ने बढ़ाई अयोध्या की भव्यता

अयोध्या। योगी सरकार इस साल अयोध्या में सरयू तट पर सातवां दीपोत्सव मनाने जा रही है। यहां भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण तो चल ही रहा है, मगर उससे पहले पिछले सात साल से हर वर्ष आयोजित हो रहे दीपोत्सव के कारण अयोध्या की भव्यता में चार चांद लग चुका है। दीपोत्सव ने देश-विदेश में अयोध्या को लेकर कौतुहल बढ़ा दिया है। यही कारण है कि अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इनमें भारतीय पर्यटक तो अच्छी खासी संख्या में हैं हीं विदेशी सैलानियों की रुचि भी प्रभु श्रीराम की नगरी में गहरी हो चुकी है।

अयोध्या में वर्ष 2017 से दीपोत्सव प्रारंभ हुआ है इस बीच यहां 1,78,32,717 भारतीय एवं 25,141 विदेशी पर्यटक अयोध्या पहुंचे। इस प्रकार वर्ष 2017 में कुल 1,78,57,858 श्रद्धालुओं ने रामनगरी में दर्शन-पूजन किया। दीपोत्सव के दूसरे वर्ष 2018 में 1,95,34,824 भारतीय एवं 28,335 विदेशी नागरिकों ने रामनगरी में दर्शन किया। इस प्रकार कुल मिलाकर 1,95,63,159 पाठकों ने वर्ष 2018 में अयोध्या में दर्शन-पूजन किया। ऐसे ही वर्ष 2019 में 2,04,63,403 भारतीय एवं 28,331 विदेशी मिलाकर कुल 2,04,91,724 श्रद्धालुओं ने अयोध्या में दर्शन किया। वर्ष 2020 में कोरोना के कारण पर्यटकों की संख्या में कमी देखने को मिली। इस साल 61,93,537 भारतीय एवं 2,611 विदेशी मिलाकर कुल 61,96,148 सैलानी अयोध्या पहुंचे। वहीं वर्ष 2021 में 1,57,43,359 भारतीय एवं 431 विदेशी पर्यटकों ने अयोध्या में दर्शन पूजन किया। 2021 में कुल 1,57,43,790 श्रद्धालु अयोध्या दर्शन के लिए आए। इसी क्रम में वर्ष 2022 में 2,21,12,402 भारतीय एवं 26,403 विदेशी पर्यटक अयोध्या पहुंचे। कुल मिलाकर 2,21,38,805 पर्यटक अयोध्या दर्शन के लिए यहां पहुंचे। देखा जाए तो वर्ष 2021 में विदेशी पर्यटकों की संख्या कुछ काम रही फिर भी वर्ष 2022 में यह संख्या बहुत तेजी से बढ़ी है।

चोरी की रिपोर्ट दर्ज

सरोजनीनगर।ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एलएलजेके बिल्डिंग में बीते दिनों चोरों ने एसी आउटडोर के लगे कॉपर पाइप काटकर चोरी कर लिए। इस संबंध में सीआईस सिक्योरिटी गार्ड सर्विस के बृजेंद्र कुमार दीक्षित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनका कहना है कि बिल्डिंग के पीछे की साइड बाउंड्री के अंदर एसी आउटडोर के लिए लगे कॉपर के पाइप चोरों द्वारा काटकर चुरा लिए गए।

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	अख्तर अली/ नूर फातिमा/ **LBLUC00004292015**	मकान नंबर 614 /3पी-33एस/3/422एस/2, उपविभाजित प्लॉट नंबर 2 पर निर्मित, प्लॉट नंबर 33एस/3 का हिस्सा और खसरा नंबर 422 एस, रहीम नगर दुदौली, वार्ड फैजुल्लागंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश/ नवंबर 08, 2023	जून 05,2023 रु. 25,81,105/-	लखनऊ
2.	रोहित कुमार/ मोनी/ **LBLUC00005554548**	प्लॉट नंबर 107 ए, खसरा नंबर 212 का मिनजुमला, ग्राम भपतामऊ वार्ड हैदरगंज तहसील और जिला लखनऊ उत्तर प्रदेश/ नवंबर 08, 2023	मई 16,2023 रु. 28,58,537/-	लखनऊ/ इलाहाबाद
3.	नेहा यादव/ महेंद्र प्रताप/ **LBLUC00004784342**	मकान नंबर-544/844, प्लॉट नंबर 6 का हिस्सा, खसरा नंबर, 554 मिनजुमला, बरौरा हुसैन बाड़ी, वार्ड कन्हैया नगर माधवपुर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश/ नवंबर 08, 2023	जून 16,2023 रु. 16,73,854/-	लखनऊ/ सुल्तानपुर
4.	रंजीत कुमार सिंह/ दीप्ति जैन/ **LBLUC00003857700**	प्लॉट नंबर 36, मिनजुमला खसरा नंबर 495 और 498, गाँव अली नगर सुनहरा, परगना बिजनौर, तहसील सरोजिनी नगर जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश/ नवंबर 08, 2023	मई 16,2023 रु. 21,57,916/-	लखनऊ/ बिहार/ चंदौली
5.	विजय प्रताप सिंह/ सिप्रा सिंह/ **LBLUC00001039843**	मकान नंबर 3ए, हाउसिंग सोसायटी कॉलोनी, सरोजिनी नगर, कानपुर रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश/ नवंबर 08, 2023	जून 16, 2023 रु. 18,39,015/-	लखनऊ

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : नवंबर 10, 2023
स्थान : लखनऊ (सुल्तानपुर)

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

लविवि में दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज

लखनऊ। विश्वविद्यालय में शुक्रवार को डीपीए सभागार में कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में 66वें दीक्षांत समारोह को लेकर एक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में विभिन्न संकायों के अध्यक्ष, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, निदेशक एवं समन्वयक भी सम्मिलित थे। बैठक में विभिन्न समितियों का गठन किया गया।

इलाज के दौरान अधेड़ की मौत

सरोजनीनगर । सरोजनीनगर इलाके में दो दिन पहले बेहोशी की हालत में पड़े मिले एक अधेड़ की इलाज के दौरान लोकबंधु अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सरोजनीनगर थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरी के मुताबिक नेपाल निवासी लालाराम रावत (55) बुधवार को दिल्ली से बस के जरिए नेपाल जा रहा था। अधिक शराब के नशे में होने के कारण बस चालक ने उसे और उसके साथ एक 15 वर्षीय बच्चे को सरोजनीनगर में अमौसी रेलवे स्टेशन स्थित ओवर ब्रिज के पास बस से नीचे उतार दिया। इसके बाद लालाराम बच्चे के साथ ट्रेन पकड़ने अमौसी रेलवे स्टेशन जा रहा था। लेकिन रास्ते में देसी शराब का ठेका मिल गया और उसने वहाँ पर फिर दारू खरीद कर पीनी शुरू कर दी। इसके बाद कुछ दूर चलने पर वह सड़क पर गिरकर चोटिल होने के साथ ही बेहोश हो गया। बाद में उसके साथ मौजूद बच्चे ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने लालाराम को लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बाद में इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई।

लेकिन परिजनों ने अपनी मौजूदगी में ही उसका पोस्टमार्टम कराने की बात कही। गुरुवार रात परिजनों के पहुंचने के बाद शुक्रवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उसके बाद वह शव लेकर अपने घर चले गए। इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी का कहना है कि इस मामले में मृतक के परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है।

खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

इटौंजा। ब्लॉक संसाधन केंद्र इटौंजा में तहसील स्तरीय दिव्यांग बच्चों के समेकित खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी बक्शी का तालाब रामराज ने किया। विकासखंड के कुल 269 परिषदीय विद्यालयों में 667 दिव्यांग छात्र/छात्राएं चिन्हित है। आज की प्रतियोगिता में 50 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, गणित दौड़, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, छूकर पहचानो, मेंढक दौड़ आदि प्रतियोगिताएं कराई गई।समेकित शिक्षा की ब्लॉक स्पेशल एजुकेटर मंजरी तिवारी व रश्मि सिंह के नेतृत्व में व्यायाम शिक्षक राकेश शुक्ला व खेल अनुदेशकों ने प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। प्रतियोगिता में आराधना, पल्लवी आलमीन फातिमा आदि बच्चे विभिन्न श्रेणियां में विजयी रहे। मल्लहनखेड़ा के बच्चों ने सर्वाधिक पुरस्कार जीते।

अब्बास अंसारी हमारे विधायक, लोकसभा चुनाव में हमें जितवाने का करेंगे काम-राजभर

इंडिया गठबंधन नहीं ठगबंधन

लखनऊ। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर आए दिन अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं। उन्होंने एक और बड़ा बयान देकर उत्तर प्रदेश में सियासी हलचल तेज कर दी है। ओपी राजभर मऊ जिले में एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि अब्बास अंसारी हमारी पार्टी के विधायक हैं और लोकसभा चुनाव में हमारे साथ आकर चुनाव जितवाने का काम करेंगे। इ उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा।उत्तर प्रदेश में अगले साल लोकसभा चुनाव 2024 होने वाले हैं। जिसे जीतने के लिए सभी राजनीतिक दल तैयारियां कर रहे हैं। ओपी राजभर भी तैयारियों में जुटे हैं। 9 नवंबर को राजभर अपने मऊ दौरे पर पहुंचे, जहां पर कुछ मीडिया पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि अब्बास अंसारी हमारी पार्टी के विधायक हैं और लोकसभा चुनाव में हमारे साथ आकर चुनाव जितवाने का काम करेंगे। इसी दौरान मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी की जमानत पर उन्होंने कहा कि यह कोर्ट का काम है, कोर्ट अपना काम कर रही है। उन्होंने मध्य प्रदेश में हो रहे विधानसभा चुनाव की भी बात की। उन्होंने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। राजभर बोले कि वहां पर उनकी क्या दशा है यह सबके सामने है। विपक्ष का इंडिया गठबंधन सिर्फ ईडी और सीबीआई की जांच से बचने के लिए यह गठबंधन हुआ है। यह गठबंधन नहीं ठग बंधन है।

मानसिक रूप से दिवालिया हो चुके हैं नीतीश कुमार-स्वाती सिंह

लखनऊ। एक मुख्यमंत्री की भाषा विधानसभा में महिलाओं के लिए जो थी, वह किसी भी निर्लज्ज व्यक्ति की भी नहीं हो सकती। यह उनकी सोच को दर्शाती है। इससे भी बड़ी बात है कि अभी तक कांग्रेस व अन्य इंडिया गठबंधन के लोगों ने उस भाषा पर आपत्ति भी नहीं जताई। इसका मतलब है कि इंडिया गठबंधन की यही सोच है। ये बातें पूर्व मंत्री और भाजपा नेता स्वाती सिंह ने कही। शुक्रवार को उन्होंने कहा कि नीतिश की भाषा माफी लायक नहीं है। वे सारी सीमाओं को लांघ चुके हैं। यदि उनमें जरा भी नैतिकता हो तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि नीतीश की बातें आये दिन बिगड़ती जा रही है। ऐसा लगता है कि वे मानसिक दिवालिया हो चुके हैं। स्वाती सिंह ने कहा कि आखिर नीतिश कुमार जब तक भाजपा में थे, तब तक उनकी भाषा अभद्र नहीं थी। उनकी भाषा बदलने के पीछे क्या राज है, उन्हें इसका खुलासा भी करना चाहिए। स्वाती सिंह ने कहा कि कांग्रेस द्वारा उनकी बातों पर प्रतिक्रिया न देना भी उनका समर्थन करने जैसा है। यह विचार अकेले नीतिश की नहीं, बल्कि महिलाओं के अपमान में पूरा इंडिया गठबंधन सहभागी है।

युवक ने की आत्महत्या

गोसाइगंज। गोसाईंगंज कोतवाली में अंतर्गत आने वाले गांव बिरुहा में 35 वर्षीय अशोक पुत्र राजाराम ने एक कमरे के अंदर गले में साडी फंदा डालकर कर आत्महत्या कर ली। घटना बीती रात 9ः30 बजे की है। मृतक की महमूदपुर में कपड़ों की दुकान चलाता।जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एस एच ओ गोसाईंगंज दिनेशचंद्र मिश्र से मिली जानकारी के अनुसार आत्महत्या करने का कोई कारण सामने नहीं आया।

छात्र-छात्राओं ने की नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में जांच, बांटी दवायें

मोहनलालगंज। निगोहाँ कस्बे के सत्यनारायण इण्टर कॉलेज में शुक्रवार को सीएचसी की बीएसके टीम द्वारा तीन दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में एक हजार के करीब छात्र-छात्राओ का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाओ का वितरण किया गया। निगोहां कस्बे के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में शुक्रवार की मोहनलालगंज सीएचसी के चिकित्सक अनुराधा, डॉक्टर योगेंद्र मिश्रा, एनम रामकुमारी द्वारा स्वास्थ शिविर लगाकर छात्र-छात्राओ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।डॉक्टर अनुराधा ने बताया शिविर में जांच के दौरान तीन बच्चों को हृदय सम्बंधी दिक्कते,नौ बच्चो को त्वचा रोग व चार बच्चो को कान सम्बंधी व एक बच्चे को झटके आने की समस्या पायी गयी.उक्त सभी बच्चो को बेहतर इलाज के लिये सीएचसी बुलाया गया है।शिविर में एक हजार के करीब छात्र-छात्राओ का स्वास्थ परीक्षण कर दवाये वितरित की गयी।महिका चिकित्सक ने किशोरियों को महावारी संबंधित जानकारी दी गई।इस मौके पर कॉलेज की प्रधानाचार्य सरिता विश्वकर्मा, व शिक्षक अनिमेष पांडेय, सत्येंद्र चौरसिया, रजनेत कुमार, अमिता शुक्ला, पूर्णिमा अवस्थी, दीपक कुमार मौजूद रहें।

महिला की पिटाई के आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज।उत्तरगांव मजरा अहमदखेड़ा गांव निवासी विजय लक्ष्मी ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया पांच दिन पहले वो अपनी जमीन से ईट उठाकर साफ कर रही थी तभी विपक्षी सुनील ने अपनी पत्नी कमलेशा ने अपने बच्चो शिवा,कोमल,काजल के साथ मौके पर आकर लड़ाई झगड़ा करने लगा मना करने पर लाठी-डंडो व लात घूसो से बुरी तरह पीटा।

संक्षिप्त समाचार

शिवाय सिमिति के लोगो ने गरीब परिवारों के बीच जाकर वितरित की सामग्री

मोहनलालगंज। धनतेरस के पावन अवसर पर शिवायट्ठसेवाट्ठसमिति के द्वारा खुशियों की थैली नामक अभियान के तहत, कुछ गरीब जरूरतमंद परिवारों को दीपावली में लक्ष्मीट्ठपूजन हेतु आवश्यक सामग्री जैसे- मिष्ठान, चूरा-खुटिया, खील, मिट्टी के दिए तेल, रुईबत्ती, धूपबत्ती और बच्चों के लिए फुलझड़ी आदि वितरित करके खुशियां बिखेरने का कार्य किया गया।

सिमिति के अध्यक्ष आशीष चतुर्वेदी ने बताया कि दीपावली रोशनी का त्यौहार। जहाँ प्रत्येक घर-आँगन रोशन रहते है वही कुछ घर-परिवार ऐसे भी होते है जहां दीपों की रोशनी नहीं पहुंचती और दीपावली की रौनक कम लगने लगती है। इस दीपावली, ऐसे जरूरतमंद गरीब परिवारों को चिन्हित करके, शिवाय सेवा समिति द्वारा हर घर को रौशन करने के संकल्प के साथ, आज कुछ गरीब परिवारों को खुशियों की थैली नामक सामग्री किट वितरित की गई ताकि इन जरूरतमंद परिवारों को भी खुशियों का सतोहफा मिल सकें। कहते हैं कि कुछ इकट्ठा भी उसी के पास होता है, जो बांटना जानता है। समिति के द्वारा कुछ जरूरतमंद परिवारों को खुशियां बांटने का यह एक छोटा सा प्रयास था जिसमें समिति के सभी सदस्यों का सहयोग रहा। प्रिय मित्रों, जलाओ दिए पर रहे ध्यान इतना,धरा पर अंधेरा कहीं रह न जाए।

गांव में बच्चों को बांटी खील,गट्टे मिठाई व मोमबत्तियां

लखनऊ। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी आध्यात्मिक गुरु दिव्य शक्ति मां पूनम एवं दिव्य शक्ति योगीराज अभिनव महाराज की दिव्य प्रेरणा से एवं उनके सानिध्य में ह्यूमैनिटी फाऊंडेशन ऑफ़ इंडिया के सदस्यों द्वारा अयोध्या रोड स्थित सिंधोली गांव में बच्चों को खील,गट्टे मिठाई, मोमबत्ती, फुलझड़ी एवं वस्त्र आदि वितरित किए गए जिन्हें पाकर सबके चेहरे खिल उठे। आध्यात्मिक गुरु दिव्य शक्ति मां जी ने उपस्थित श्रद्धालु जनों को इस अवसर पर मांसाहार न करने की प्रेरणा भी दी। उन्होंने कहा कि अगर मनुष्य को ईश्वर की कृपा पानी है, उनका प्यार पाना है, सुरक्षा पानी है, तो प्रत्येक प्राणी में ईश्वर के दर्शन करने होंगे। उसकी सेवा करनी होगी,तभी हम उनकी कृपा के पात्र बन पाएंगे। इसके अतिरिक्त ह्यूमैनिटी फाऊंडेशन आफ इंडिया के सदस्य वृद्ध आश्रम भी गए जहां उपस्थित सभी आदरणीय सदस्य जिनको उनके अपने ही परिवार वालों ने छोड़ दिया उनके साथ दीपावली मनाई और मिठाई बांटकर उनके दिल की कड़वाहट को खुशियों में बदल दिया। ह्यूमैनिटी फाऊंडेशन ऑफ़ इंडिया विगत 19 वर्षों आध्यात्मिक गुरु दिव्य शक्ति मां जी एवं दिव्य शक्ति योगीराज श्री अभिनव महाराज जी के नेतृत्व में से इसी प्रकार मानवता की सेवा में तत्पर है।

विवाहिता को मारने की कोशिश करने वाले ससुरालीजनो पर मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के भावाखेड़ा निवासी सुभाषिनी ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया 15फरवरी2023 को उसका विवाह संदीप से हुआ था,जिसके बाद से दहेज की मांग को लेकर पति संदीप,ससुर बजरंगी,सास,ननद नीलू,नंदोई सुनील उसे आये दिन प्रताड़ित करने लगे.26जुलाई की रात पति समेत सभी ससुरालीजनो ने मिलकर उसकी बुरी तरह पिटाई के बाद कुल्हाड़ी से हमला कर जान से मारने का प्रयास किया।उपरोक्त सभी लोग उसकी हत्या कर पीछा छुड़ाना चाहते है।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी पति समेत पांच के विरूद्व मारपीट,दहेज अधिनियम समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

अवैध तमंचे के साथ किया गिरफ्तार

लखनऊ। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में काकोरी पुलिस लगातार सक्रिय है। लखनऊ पुलिस की सक्रियता से अपराध के ग्राफ में लगातार गिरावट हो रही है। पुलिस कमिश्नर की सख्ती के चलते पूरा पुलिस विभाग अलर्ट मोड में है। डीसीपी पश्चिमी राहुल राज एसीपी काकोरी अनूप कुमार सिंह के सफल नेतृत्व में इंस्पेक्टर काकोरी प्रवीण कुमार सिंह को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। काकोरी पुलिस को मिली सफलता में शैलेन्द्र यादव पुत्र रमेश यादव को अवैध असलहा के साथ अजमतनगर करझन के पास 120 बोर के अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार किया गया।

अज्ञात व्यक्ति के शव की हुई शिनाख्त

गोसाईगंज। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेगरिया मऊ गांव में सुबह लोगों द्वारा शव मिलने की सूचना पर गांव में हड़कंप मच गया ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली फिर सोशल मीडिया के माध्यम से उस युवक की पहचान अजय उर्फ राहुल बाजपेई 27 वर्ष पुत्र प्रमोद बाजपेई निवासी महुरा कला थाना गोसाईगंज के रूप में हुई उसके पिता द्वारा बताया गया कि हमारा पुत्र काफी नशेड़ी किस्म का था अक्सर घर से इधर-उधर निकल जाया करता था जिसका आज मुझे सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी हुई कि हमारे पुत्र का शव बेगड़िया गांव के बाहर पगडंडी के रास्ते पर पड़ा मिला मौके पर पहुंच कर पिता द्वारा अपने बेटे अजय उर्फ राहुल वाजपेई के रूप में शिनाख्त की वहीं थानाध्यक्ष गोसाईगंज ने बताया कि विधिक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

सरोजनीनगर। बिजनौर से करीब सप्ताह भर पहले गाड़ी बनाने के लिए घर से निकला एक किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद उसकी मां ने बिजनौर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। बिजनौर के गढ़ी मोहल्ला निवासी रूबी रावत के मुताबिक बीती 3 नवंबर को सुबह करीब 9ः30 बजे उसका बेटा कृष्णा रावत (15)गाड़ी बनाने के लिए घर से निकला था। लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटा। उसके बाद परिचितों और रिश्तेदारी में उसकी काफी खोज बीन की गई, लेकिन कृष्णा रावत का कहीं कोई अता पता नहीं चल सका।

ICICI Home Finance
कारपोरेट कार्यालय: -आईसीआईसीआई होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड,आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अन्धेरी-कुर्ला रोड, अन्धेरी (ईस्ट) मुम्बई-400059 इण्डिया।
शाखा कार्यालय: प्रथम तल, केएच नं.-700, सरसावन परगना, सरोजनी नगर, लखनऊ-226008

(देखें-नियम-8 (6) के प्राविधान)

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु सूचना

सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इन्फोर्समेण्ट) रूल्स-2002 के नियम-8(6) के प्राविधानों सहित सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट-2002 के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा कर्जदारों एवं गारण्टीदाताओं को विशेष रूप से सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा सिक्योर्ड क्रेडिटर को बन्धक की गई/ प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया गया है तथा उसे नीचे दिये गये संक्षिप्त विवरण के अनुसार ***जैसा है जहां है तथा जो भी वहां है*** के आधार पर बिक्री की जायेगी।

क्र.सं.	कर्जदार/सह-कर्जदारों/ गारण्टीदाताओं/विधिक उत्तराधिकारियों के नाम ऋण खाता संख्या	ज्ञात प्रभारों यदि कोई है/सहित प्रतिभूतिव सम्पत्ति का विवरण	बकाया धनराशि	रिजर्व कीमत धरोहर धनराशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	अभिषेक गुप्ता (कर्जदार), ऊषा गुप्ता (सह-कर्जदार) स्वाति आस्थाना (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या-LHLKS00001395902	स्थित माधोंपुर वार्ड कन्हैया मध्यम वर्गीय खसरा नं०-42 और 43 मकान नं०-64 लखनऊ उत्तर प्रदेश 226003	रू. 29,23,684/- 30 अक्टूबर 2023	रू. 30,90,960/- रू. 3,09,100/-	04 दिसम्बर 2023 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	19 दिसम्बर 2023 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे
2.	राम सिंह पाल (कर्जदार), गायत्री (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या-LHLUC00001349577 & LHLUC00001349576	स्थित हरिहर नगर पाणी गांव वार्ड इस्माइलगंज मध्यम वर्गीय एनए लखनऊ-226018	रू. 25,29,197/- 30 अक्टूबर 2023	रू. 23,26,320/- रू. 2,32,640/-	04 दिसम्बर 2023 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	19 दिसम्बर 2023 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे
3.	शेर बानों (कर्जदार), नफीस अली (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या-LHLUC00001456799 & LHLUC00001456798	स्थित पाण्डेय टोला वार्ड चांदगंज लखनऊ मध्यम वर्गीय एनए लखनऊ उत्तर प्रदेशज-226006	रू. 3,93,030/- 30 अक्टूबर 2023	रू. 42,15,960/- रू. 4,21,600/-	04 दिसम्बर 2023 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	19 दिसम्बर 2023 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे

आन लाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ***ग्लोब टेक*** के वेबसाइट (**URL Link-/https://BestAuctionDeal.com**) हमारी एक्शन एजेंसी टाइगर पर संचालित की जायेगी/ बंधक कर्ताओं को **18 दिसम्बर,2023** तथा **अपराह्न-5.00 बजे** के पूर्व तक अतिरिक्त ब्याज सहित कुल बकाया का भुगतान करने के लिये अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है। अन्यथा इन सिक्योर्ड सम्पत्तियों को उपरोक्त शेड्यूल के अनुसार बिक्री कर दी जायेगी।

अपेक्षिक बिडर्स धरोहर धनराशि जमा (ई.एम.डी.) आर.टी.जी.एस./डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) (कालम/(ई) देखे) को **आई.सी.आई.सी.आई. होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड प्रथम तल, केएच नं.-700, सरसावन परगना, सरोजनी नगर, लखनऊ-226008** पर **18 दिसम्बर 2023** के पूर्व अथवा तक **अपराह्न 04.00 बजे** के पूर्व अवश्य जमा कर देवे/ कृपया ध्यान दे यदि अपेक्षित बिडर्स उपरोक्त समय के अनुसार अपने आफर जमा करने में असमर्थ होगे तब निविदा प्रपत्रों की हस्ताक्षरित प्रतिलिपि **आई.सी.आई.सी.आई. होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड प्रथम तल, केएच नं.-700, सरसावन परगना, सरोजनी नगर, लखनऊ-226008** पर **18 दिसम्बर 2023** के पूर्व अथवा तक **अपराह्न 5.00 बजे** पूर्व जमा किया जा सकता है। धरोहर धनराशि जमा डिमाण्ड ड्राफ्ट (डी.डी.) आई.सी.आई. सी. आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड-आक्शन के पक्ष में **लखनऊ** में देय किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक के **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड**- स्थान लखनऊ के नाम होना चाहिये।

निरीक्षण, नीलामी की नियम तथा शर्तें अथवा निविदा के जमा के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड** से **022-69974300** या हमारे **सेल्स और मार्केटिंग पार्टनर नेक्ससन सोलयूसन्स प्राइवेट लिमिटेड** पर सम्पर्क करे।

अधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताये किसी अथवा सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

विक्रय के विस्तृत नियम तथा शर्तो हेतु कृपया **https://www.icicihfc.com** देखें।

दिनांक: 11 नवम्बर 2023
स्थान: लखनऊ।

अधिकृत अधिकारी
आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड